



### एक नजर में

#### प्रभारी मंत्री आज जिले के भ्रमण पर



**राजगढ़ 17 जुलाई, का.** जिले के प्रभारी एवं सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप आज 18 जुलाई को दोपहर 12 बजे राजगढ आएंगे. राजगढ आगमन पश्चाबत जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले में प्रगतिरत 50 लाख से अधिक लागत के विकास कार्यो की समीक्षा एवं जल संसाधन, कृषि, उद्यानिकी, लोक स्वास्थ्रू एवं पशु पालन विभाग की समीक्षा करेंगे. तत्पश्चात दोपहर 02 बजे एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत अंत्योदय प्रबोधन संस्थान, ग्राम गागोरनी नेसडी रोड़ राजगढ़ में वृक्षारोपण के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे. प्रभारी मंत्री दोपहर 02.30 बजे मोहनपुरा डेम पर प्रदर्शनी का अवलोकन एवं मोहनपुरा डेम पर किसान संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल होंगे.

#### दवा संग्रह पाए जाने पर की गई कार्यवाही

**राजगढ़ 17 जुलाई, का.** कलेक्ट र डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार मुख्य. चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल के निर्देशन में औषधि निरीक्षक द्वारा अवैध रूप में दवा संग्रह पाए जाने पर मेसर्स बालाजी इंटरप्राइजेज मऊ तहसील सारंगपुर मुकेश जाट से भारी मात्रा में सेक्स वर्धक दवाएं जिसमें फायर 100 दवा जप्त कर कार्यवाही की गई.

# कंटेनर ने बस को टक्कर मारी, 1 की मौत, 17 घायल

## स्पीड ब्रेकर पर कंटेनर ने बस को टक्कर मारी, 5 यात्री गंभीर घायल, घायलों में आउटसोर्स कर्मचारी शामिल

- राजगढ़ रोड पर बामलाबे जोड़ के यहां हुआ हादसा
- स्पीड ब्रेकर पर कंटेनर ने बस को पीछे से टक्कर मारी
- सिविल अस्पताल में परिजन, जनप्रतिनिधियों का जमावड़ा लगा

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 16 जुलाई, का. गुरुवार की प्रातः राजगढ़ रोड पर बामलाबे जोड़ के यहां तेज रफ्तार कंटेनर ने एक यात्री बस को पीछे से जोर की टक्कर मार दी. टक्कर के बाद पलटी खा गई. हादसे में बस के चालक का प्राणांत हो गया जबकि 17 यात्री घायल हो गये इनमें 5 को गंभीर चोट आने पर राजगढ़ जिला चिकित्सालय रेफर किया गया.**



### बस के नीचे दबने से हुई चालक की मौत

बस चालक राजगढ़ निवासी छोटेलाल मेवाड़े उम्र 55 वर्ष ने बस के नीचे दब जाने से गंभीर चोट के चलते दम तोड़ दिया. जबकि बस में सवार यात्री हरलाल बंजारा उम्र 67 वर्ष निवासी बंजारापुरा, आदिल खान उम्र 28 वर्ष निवासी राजगढ़, अभिषेक उम्र 34 वर्ष निवासी राजगढ़, सुनील मेवाड़े उम्र 38 वर्ष निवासी राजगढ़, पवन मेवाड़े उम्र 35 वर्ष निवासी राजगढ़, इकबाल खान उम्र 42 वर्ष निवासी राजगढ़, राधेश्याम उम्र 32 वर्ष निवासी ब्यावरा, अभिजीत उम्र 38 वर्ष निवासी राजगढ़, मंजू वर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी राजगढ़, सुनील तिवारी उम्र 41 वर्ष निवासी सतना, वासीम खान उम्र 37 वर्ष निवासी राजगढ़, शक्ति चौहान उम्र 21 वर्ष निवासी पाका, फैजल खान उम्र 34 वर्ष निवासी राजगढ़, सत्यनाराण उम्र 32 वर्ष निवासी राजगढ़, राकेश वर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी राजगढ़, चंदर सिंह उम्र 45 वर्ष निवासी कालीसिंध, लोकेन्द्र उम्र 30 वर्ष निवासी राजगढ़ शामिल है.

पुलिस के अनुसार सांई कृपा ट्रेवल्स की यात्री बस राजगढ़ से ब्यावरा की ओर आ रही थी कि प्रात: करीब 10 बजे बामलाबे जोड़ के यहां यह हादसा हो गया. जैसे ही स्पीड ब्रेकर के यहां बस की गति धीमे हुई पीछे से तेज रफ्तार आ रहे कंटेनर क्रमांक एच.आर.56 बी 3413 ने बस को जोर की टक्कर मार दी. टक्कर लगते ही बस उछलते हुए पलटी खा गई.

घटना की जानकारी लगते ही सिविल अस्पताल प्रबंधन सतर्क हो गया. घायलों के अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सक, कर्मचारी उपचार में जुट गये. बड़ी संख्या में परिजन, नागरिक भी अस्पताल पहुंचे तथा घायलों की देखरेख में जुट गये.

### कंटेनर जप्त, चालक फरार

पुलिस के अनुसार बस को टक्कर मारने वाले कंटेनर को जप्त कर लिया गया है. चालक कंटेनर छोड़ भाग निकला. पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के विरुद्ध धारा 281, 125(2,3), 106 बी.एन.एस. के तहत प्रकरण दर्ज किया है.

### नजर नहीं आते है स्पीड ब्रेकर

जयपुर-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर राजस्थान सीमा के यहां से राजगढ़ जिले तक अनगिनत स्पीड ब्रेकर बना दिए गये है. रहवासी क्षेत्रों के आसपास दुर्घटनाओं को रोकने भले ही स्पीड ब्रेकर बना दिए गये किंतु डामर के ही स्पीड ब्रेकर होने से यह नजर नहीं आते है. कई बार वाहन चालक स्पीड ब्रेकर पर वाहनों के अनियंत्रित होने से दुर्घटनाग्रस्त हो चुके है. जबकि स्पीड ब्रेकर पर थर्मोप्लास्टिक पेंट किया जाता है जिससे दूर से ही स्पीड ब्रेकर नजर आ जाये.

### राज्यमंत्री, कलेक्टर, एसपी ने जानी घायलों की कुशलक्षेम

घटना की जानकारी लगते ही राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार सिविल अस्पताल पहुंचे. बस चालक के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए घायलों की कुशलक्षेम जानी. श्री पंवार ने चिकित्सकों से चर्चा कर घायलों की स्थिति की बारे में जानकारी ली. एसडीएम श्रीमती गीतांजली शर्मा, एसडीओपी प्रकाश शर्मा, सिटी थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह धाकड़, देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी, जनप्रतिनिधि, पुलिस- प्रशासन के अधिकारी घटनास्थल एवं सिविल अस्पताल पहुंचे. कुछ गंभीर घायल यात्रियों को राजगढ़ रेफर किया गया. जिला चिकित्सालय में उपचारार्थ यात्रियों को देखने कलेक्टर डा. गिरीश कुमार मिश्रा एवं जिला पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी जिला चिकित्सालय पहुंचे तथा चिकित्सकों से घायलों के बारे में जानकारी ली.

### घायलों में कई कर्मचारी भी

बस में सवार यात्रियों में आधा दर्जन यात्री विद्युत विभाग के कर्मचारी है जो कि ब्यावरा स्थित विद्युत विभाग कार्यालय में पदस्थ होकर प्रतिदिन राजगढ़ से ब्यावरा आते-जाते है. रोज की तरह यह बस से ब्यावरा आ रहे थे कि यह घटना हो गई. जानकारी लगते ही विद्युत विभाग के अधिकारी, कर्मचारी अस्पताल पहुंचे तथा कर्मचारियों की देखरेख में लग गये.

### बिजली चोरी सूचना पर 5 फीसदी राशि भुगतान

**राजगढ़ 17 जुलाई, का.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी बिजली चोरी की रोकथाम के लिए पारितोषिक योजना चला रही है. योजना में बिजली के अवैध उपयोग की सूचना देने पर प्रकरण बनाने एवं राशि वसूली होने पर सूचनाकर्ता को 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि दी जा रही है. संशोधित प्रावधानानुसार पांच प्रतिशत राशि का भुगतान संबंधित सूचनाकर्ता को सूचना सही पाए जाने पर कर दिया जाता है. अंतिम निर्धारण आदेश के बाद शेष पांच प्रतिशत राशि पूर्ण वसूली के बाद दी जा रही है. योजना में एक अप्रैल से अब तक 5 सफल सूचनादाताओं को 11 हजार 500 रुपये सीधे उनके बैंक खाते में जमा कराए गए हैं. इसके साथ ही जांच एवं वसूली की कार्यवाही करने वाले संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को भी 3 हजार रुपये प्रोत्सा हन राशि का भुगतान उनके मासिक वेतन में जोड़कर किया गया है. कंपनी ने ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू होने के पहले कुल 63 प्रकरणों में 7 सफल सूचनादाताओं को उनके खाते में पूर्ण भुगतान के रूप में 2 लाख 18 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि दी गई है. कंपनी में कार्यरत नियमित कर्मचारी, संविदा और आउटसोर्स कर्मचारी को भी सूचनादाता के रूप में शामिल किया गया है, परंतु उसे सूचना सही पाए जाने एवं जारी किए गए अंतिम निर्धारण आदेश की पूर्ण वसूली होने पर एक प्रतिशत प्रोत्सासहन राशि दी जाएगी.



# ये डूबा हुआ रपटा स्कूल की ओर जाता है..!

- गांव के समीप का नाला बारिश में आवागमन में बाधक
- रपटे पर पानी के बीच से स्कूल जाते बच्चे
- जीरापुर के समीप परोलिया में रपटे पर आया बारिश का पानी

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 16 जुलाई, सं. एक और जहां शासन द्वारा लाखों, करोड़ों रुपये लगाकर ग्रामीण क्षेत्रों तक आवागमन को सुगम बनाया जा रहा है. वहीं कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. जीरापुर के समीपस्थ ग्राम परोलिया में नाले के रपटे पर बारिश का पानी आने से आवागमन बाधित होकर जोखिम भरा बना हुआ है. इसी पानी के बीच से होकर ग्रामीणजन एवं स्कूल जाने वाले बच्चे आते-जाते है.**

गौरतलब है कि समीपवर्ती ग्राम पंचायत परोलिया में नाले का रपटा काफी नीचे है जिससे तेज बारिश आने पर रपटे के ऊपर कई फीट पानी आ जाता है. पानी आते ही आवागन बाधित होकर जोखिम भरा हो जाता है. आवाजाही में ग्रामीणों को काफी कठिनाईयां का सामना करना पड़ता है. गांव के पूर्व दिशा में यह छापी नाला है. जैसे ही तेज बारिश होती है नाला उफान पर आ जाता है. शुक्रवार को सुबह से ही नाले के रपटे पर पानी आ गया.

### स्कूल एवं कई गांव का रास्ता

नाले के इसी रपटे पर से होकर स्कूल एवं कई गांवों का रास्ता जाता है. स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को इस रपटे को पार कर ही आना-जाना पड़ता है. हर बारिश में यह परेशानी होती है. ग्रामीणजनों के द्वारा लम्बे समय से यहां पुलिया निर्माण करने की मांग की जाती आ रही है किंतु इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया गया. इसी रपटे से होकर गौशाला, ग्राम गागोरनी, पीपल्दा के लिए आना-जाना पड़ता है. गांव के खेत खलिहान भी इसी रास्ते से होकर आते-जाते है.

### मानव अधिकारों के उल्लंघन की शिकायत अब ऑनलाइन भी

**राजगढ़ 17 जुलाई, का.** मानव अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु आयोग में नागरिक अपनी शिकायत ऑनलाइन फ्री पोर्टल पर पत्राचार द्वारा टोल फ्री नम्बर 144334 पर भी कर सकते हैं. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के मदद सेंटर में उपस्थित होकर लिखित शिकायत या मोबाइल नम्बर 9810298900 एवं नागरिक सेवा केंद्र यानि सीएससी में 30 रुपए का शुल्क जमा करके शिकायतें ऑनलाइन करा सकते हैं.

# भट्टी में बन रही 115 लीटर अवैध शराब जब्त की

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 17 जुलाई, सं.** आबकारी विभाग ने पचोर क्षेत्र में गश्त कार्य करते हुए मदिरा बिक्री एवं संग्रहण से सम्बंधित संदिग्ध स्थलों पर दबिश दी जाकर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के अन्तर्गत 05 प्रकरण कायम किए7 उक्त प्रकरण में 115 लीटर हाथ भट्टी मदिरा कुल मूल्य 23000 रुपए जप्त की गई 7 उक्त कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक अंकित चौहान एवं आरक्षक शिवम पचाई, रत्नेश परिहार, दिव्यवंशी ने मौके पर उपस्थित रहकर सक्रिय एवं सराहनीय योगदान दिया आगे श्री कनासे ने बताया कि इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी.आबकारी आयुक्त द्वारा जारी निर्देशों के तारतम्य में अवैध मदिरा विनिर्माण, संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन पर विशेष सतर्कता एवं कठोरता से प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु विशेष अभियान के अन्तर्गत राजगढ़ जिला कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन पर जिला आबकारी अधिकारी लखन लाल ठाकुर के मार्गदर्शन में एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी पवन टिकेकर के नेतृत्व में वृत्त सारंगपुर प्रभारी सौरभ कनासे द्वारा बुधवार को कार्यवाही की गई.



# प्रकरण निपटाने आवेदक को बताए बिना जमीन का सीमांकन किया


नवभारत न्यूज

**जीरापुर 17 जुलाई, सं.** भूमि सीमांकन के प्रकरणों को राजस्व विभाग लापरवाही से हल करने में लगा है. ताजा मामला जीरापुर तहसील में सामने आया है जहां आवेदक को सूचना दिए बिना उसकी जमीन का सीमांकन कर दिया और प्रकरण को बंद करने का प्रयास किया. मामले में आवेदक ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई है. जानकारी के अनुसार सेयद हैदर अली पिता सैयद शौकत अली जाति मुसलमान उक्त भूमि वर्ष 2021 में अक्षय मुदडा पिता स्वर्गीय भगवान दास मुंदडा एवं इंदिरा देवी मुंदडा पत्नी स्वर्गीय भगवान दास मुंदडा निवासी जीरापुर से क्रय की जाकर दिनांक 24 /06/ 2021 द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र नामांतरण स्वीकृत हुआ. तब से आज दिनांक तक उक्त पर भूमि पर काबिज होकर कृषि कार्य कर रहे है. इस वर्ष बरदीचंद्र एवं पुत्र रजनीश व दीपक द्वारा पटवारी से मिली भगत कर फर्जी कार्रवाई की है. जिसका प्रश्न विधानसभा में भी उठाया गया था उसकी प्रति साथ में संलग्न है. तहसीलदार आरपी सिंह गोंड का कहना है कि आवेदित भुमि की तरमीम नही होने से यह सीमांकन निरस्त हुआ है. उल्लेखनीय है कि सुसनेर रोड डग बालाजी स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 1127/3/1/1/1 रकबा 0.614 के सीमांकन के लिए बरदीचंद राठौर पिता भावना राठौर निवासी जीरापुर ने एक आवेदन सेयद हैदर अली पिता सैयद शौकत अली, जुनैद अली पिता सैयद शौकत अली जाति मुसलमान निवासी जीरापुर विरुद्ध लगाया गया था. जिसे जांच के बाद तहसीलदार ने खारिज कर दिया है. राजस्व निरीक्षक सीमांकन दल,प्रभारी पटवारी हल्का द्वारा सर्वे क्रमांक 1127/3/1/1/1 रकबा 0.614 की भुमि नक्शा तरमीम वर्तमान नक्शे में दर्ज नहीं होने से मुल सर्वे क्रमांक 1127/3/1 जिसकी तरमीम नक्शे में दर्ज है का सीमांकन किया जाकर पंचनामा नक्शा/ फील्ड बुक के अनुसार सीमांकन रिपोर्ट में प्रस्तुत किया. प्रकरण में आवेदक की ओर से अभिभाषक बी एस पंवार द्वारा वकील पत्र पेश किया गया. आपत्तिकर्ता द्वारा आवेदन के बिन्दु कमांक 08 में उल्लेखित किया है कि आवेदित भूमि सर्वे क्रमांक 1127/3/1/1/1 में रोड निकला हुआ है जिसका मुआवजा नहीं मिला है.

### प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मिली मंजूरी

**राजगढ़ 17 जुलाई, का.** प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को केंद्रीय मंत्रि-परिषद द्वारा मंजूरी दे दी गई. देश के 100 जिलों के किसानों का जीवन बदलने वाली इस योजना की मंजूरी पर मोहर लगादी गई है. मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रि-परिषद द्वारा इस कृषि योजना को मिली स्वीकृति अत्यंत अभिनंदनीय है. देश के 100 जिलों के समग्र विकास को यह विशिष्ट योजना समर्पित है.

# पुष्पवर्षा से किया स्वामी परमानंद महाराज का स्वागत



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 16 जुलाई, का. स्वामी परमानंद महाराज का शुक्रवार की शाम को नगर आगमन हुआ. शिष्यगणों, नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वामी जी की भव्य अगुवानी कर आशीर्वाद प्राप्त किया.**

शाम करीब 4 बजे स्वामी जी का नगर आगमन हुआ. स्थानीय गुना रोड स्थित श्री खाटू श्याम धाम पर धर्मप्रेमी नागरिकों द्वारा अगुवानी की. तत्श्चात यहां से स्वामी जी को भोपाल बायपास चौराहा स्थित श्री अखण्ड परम धाम ले जाया गया. जहां पुष्पवर्षा कर स्वामी का स्वागत कर आरती उतारी गई.

**पादुका पूजन एवं अमृतवाणी सत्संग आज**-गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में महाराजश्री का नगर में आगमन हुआ है. महाराज श्री के आगमन से उनके शिष्यों, धर्मप्रेमी नागरिकों में काफी उत्साह है. आज सुबह 9 बजे भोपाल बायपास चौराहा स्थित श्री अखण्ड परमधाम पर पादुका पूजन एवं अमृतवाणी सत्संग होगा. धर्मप्रेमी नागरिकों से आज होने वाले आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया गया है.

**उपलब्धि** अब प्रदेश में अव्वल आने की तैयारी करेगा सुठालिया कस्बा, 50 हजार की जनसंख्या में प्रदेश में 15वें नंबर पर

# स्वच्छता सर्वेक्षण : सुठालिया नगर संभाग में अव्वल

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 17 जुलाई, सं. जिले के सबसे छोटे नगरों में शामिल सुठालिया में स्वच्छता सर्वेक्षण में बाजी मारी है. संभाग स्तर पर पहले पायदान पर सुठालिया शहर आया है. वहीं 50 हजार की आबादी वाले शहरों में प्रदेश में 15 वें स्थान पर रहा है.**



गुरूवार को को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के घोषित परिणामों में नगर परिषद सुठालिया ने अभूतपूर्वक सफलता अर्जित की भोपाल संभाग की समस्त नगरीय निकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है. 20 हजार से 50 हजार जनसंख्या वाले शहरों में राज्य स्तर पर 15 स्थान प्राप्त हुआ है. तथा मध्य प्रदेश राज्य स्तर पर कुल 110 नगरीय निकायों में से 29 वां स्थान हासिल किया है. कुल 12500 अंकों में से सुठालिया को 9866 अंक प्राप्त हुए है. साथ ही परिषद को ओडीएफ++ सर्टिफिकेशन प्राप्त किया गया है. जीएफसी गार्बेज फ्री सिटी में 1 स्तर प्राप्त किया. पिछले वर्ष 2023 में राज्य स्तर पर पुष्कर को 67 वां स्थान 9500 अंक में से 6478 अंक मिले. स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर परिषद सुठालिया द्वारा निरंतर किए गए प्रयास, नागरिक सहभागिता स्वच्छता मित्रों की मेहनत एंव जप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन एंव समय-समय पर पत्रकार बन्दुओं द्वारा सुझाये गये सुझाव से यह परिणाम संभव हो सका है. यह उपलब्धि सुठालिया नगर की जागरूकता, संकल्प और समर्पण को दर्शाती है. नगर परिषद सुठालिया समस्त नागरिको, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, विद्यालयों एंव स्वंयसेवी संगठनों, पत्राकार बन्धुओं का आभार प्रकट करती है कि भविष्य में भी इसी तरह सहयोग बनाये रखे जिससे सुठालिया को देश के सर्वोच्च शहरों की सूची में शामिल किया जा सके.

### जिले में नरसिंहगढ़ अव्वल, ब्यावरा अंतिम स्थान पर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-2025 में नरसिंहगढ़ नपा को जिले में पहला एवं ब्यावरा नपा को अंतिम स्थान प्राप्त हुआ है. जानकारी के अनुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-2025 के घोषित परिणामों में प्रदेश में नरसिंहगढ़ को 9937, खिलचीपुर 9872, सुठालिया 9866, छापीहेड़ा 9327, तलेन 9183, राजगढ़ 9002, माचलपुर 8938, खुजनेर 8846, जीरापुर 8767, सारंगपुर 8686, बोड़ा 8545, पचोर 8529, कुरावर 8366 तथा ब्यावरा को 6525 अंक प्राप्त हुए है.


**न्यायालय: श्रीमती आकांक्षा कत्याल प्रथम व्यवहार, न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, सारंगपुर जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**
प्रोसेस कमांक 254 / 15/7/2025
**समस**
प्रकरण क्र. MJCSUC/2024
1. सत्यनारायण पिता नरसिंहलाल रूहेला निवासी- बाईहेडा, तहसील खुजनेर, जिला राजगढ़ म.प्र. ........ **आवेदक**
**विरूद्ध**
1. सर्वसाधारण
2. जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजगढ शाखा पचोर जिला राजगढ़ म.प्र.
....... **अनावेदकगण**
एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक की ओर से एक वाद पेश किया जिसने, सर्वसाधारण को इस प्रकाशन के माध्यम से सूचना दी जाती है कि आप अनावेदक क्र. 01 नियत पेशी दिनांक 25.08.2025 को प्रात: 11.00 बजे इस न्यायालय में स्वयं/विधिक प्रतिनिधि जिसको प्रकरण की सपूर्ण जानकारी हो के माध्यम से उपस्थित रहे.
उक्त प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 25.08.2026 को अनावेदक क्र. 01 अथवा उनके किसी अधिवक्ता के अनुपस्थित होने पर आगे विधि अनुसार कार्यवाही की जावेगी.
यदि उक्त सुनवाई दिनांक 26.08.2025 को अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी. आज दिनांक 15.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया.
**श्रीमती आकांक्षा कत्याल प्रथम व्यवहार, न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, सारंगपुर जिला राजगढ़**

**आवश्यकता हैं**
ब्यावरा में मेडिकल स्टोर पर काम करने के लिए एक अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता हैं.
तुरंत संपर्क करें 9424421556
**बिल 20 जुलाई 2025**

**क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़**
OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%
B.ed आवेदन प्रक्रिया 2025-26
तृतीय चरण कॉलेज कोड - 384
ऑनलाईन आवेदन एवं च्वाईस फिलिंग दिनांक 15/07/25 से 18/07/25 तक
दस्तावेज का ऑनलाईन सत्यापन 15/07/25 से 19/07/25
सीट आवंटन 23/07/25
हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन क साथ भौतिक सत्यापन हेतु उपस्थित होकर लिंक इनिशिएट कराना 23/07/25 से 25/07/25 तक
महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना दिनांक 23/07/25 से 26/07/25
नोट प्रथम स्थान पर क्राईस्ट महाविद्यालय कालेज कोड 384 का चयन करे.
संपर्क - 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337
Ad. NH-46 Bhopal By Pass Road Biaora, Rajgarh
26 जून से -26 जुलाई 2025

